NEWS / फटाफट

घी व तेल में चर्बी की मिलावट का आरोप

रुद्रपुर। लालपुर क्षेत्र की एक फैक्ट्री पर अपने यहां उत्पादित घी व तेल में चर्बी की मिलावट का आरोप लगाते हुए क्षेत्रवासियों ने डीएम को मामले की जांच कराए जाने के लिए ज्ञापन सौंपा है। विहिप व गौ रक्षा दल के बैनर तले दर्जनों हिंदूवादी संगठनों ने लोग कलेक्ट्रेट पहुंच डीएम डॉ. नीरज खैरवाल को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि एक फैक्ट्री में काफी समय से घी व तेल में चर्बी की मिलावट की जा रही है। कहा कि फैक्ट्री में सप्लाई करने वाले ट्रक के चालक ने खुद स्वीकार किया है कि ट्रक में लदी चर्बी उसी फैक्ट्री में आपूर्ति के लिए लादी गई थी। वक्ताओं ने धार्मिक भावनाओं पर कुठाराघात होने की बात कहते हुए डीएम से मामले की गहन जांच कराए जाने की मांग की है। इस दौरान कपिल शर्मा, सुशील, अमित सिंह, राधे, करन गंगवार, दिलीप अधिकारी, गोपाल, सूरज, सर्वेश, सुबोध सक्सेना, रामप्रसाद, कपिल शर्मा, हरदेव सिंह, किरन गंगवार, शोभित चौधरी आदि मौजूद थे।

पड़ोसी पर मारपीट का आरोप

रुद्रपुर। रम्पुरा निवासी एक महिला ने अपने पड़ोसी पर मारपीट का आरोप लगाया है। वार्ड संख्या पांच निवासी कमला ने तहरीर दी है कि पड़ोस में ही रहने वाला एक व्यक्ति उससे रंजिश रखता है। सोमवार को पड़ोसी ने दर्जन भर लोगों के साथ मिलकर पीड़िता के पुत्रों को जमकर पीटा। बताया कि जैसे तैसे उन्हें आरोपियों के चंगुल से बचाया तो हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। रम्पुरा चौकी पुलिस मामले की जांच में जुटी है। उल्लेखनीय है कि रम्पुरा में आए दिन लड़ाई झगड़े हो रहे हैं, लेकिन पुलिस किसी भी मामले में जब कार्यवाही करती है तो आरोपी पक्षों के बीच कुछ छुटभैया नेता समझौता करा देते हैं।

वांछित आरोपी दबोचा

बाजपुर। एसएसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने फर्जी तरीके से लोन कराने के मामले में वांछित चल रहे कुर्की वारंटी ग्राम रम्पुराकाजी निवासी गुरमीत सिंह पुत्र कश्मीर सिंह को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया जिसे बाद में न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कागज ने दिखाने पर स्कूटी सीज

रुद्रपुर। स्कूटी सवार तीन युवतियों द्वारा जरूरी कागज न दिखाए जाने पर सीपीयू ने स्कूटी सीज कर दी। बाद में युवती के भाई ने जमकर हंगामा काटा। जानकारी के अनुसार टांडा निवासी राजू पुत्र रामप्रसाद की दो बहनें अपनी एक सहेली के साथ स्कूटी पर सवार होकर सोमवार को किसी काम से रुद्रपुर आई थीं। यहां सीपीयू ने स्कूटी का चालान काट दिया। सुबह युवती के भाई ने सीपीयू कार्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा काटा। उसने आरोप लगाया कि सीपीयू ने चालान काटने के बाद उसकी बहनों को रात भर कार्यालय में ही बैठाकर रखा, जबकि सीपीयू कर्मियों ने उसके आरोप नकारते हुए अल्कोमीटर से चैक किया तो युवक नशे में पाया गया। बाद में जैसे तैसे हंगामा शांत हुआ।

उपचार के दौरान कांस्टेबल की मौत

हल्द्वानी। बीमारी के चलते उपचार के दौरान कांस्टेबल की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर उसके शव को परिजनों को सौंप दिया है। ऊधमसिंह नगर के थाना बाजपुर में तैनात कांस्टेबल विनोद कुमार को पीलिया हो गया था जिसका इलाज रुद्रपुर में चल रहा था अचानक बीते दिवस उसकी हालत बिगड़ गई जिसे चिकित्सकों ने सुशीला तिवारी के लिए रेफर कर दिया था जहां उसका इलाज चल रहा था। मंगलवार की प्रातः अचानक उसकी फिर हालत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम कराकर उसके परिजनों को सौंप दिया। बताया जाता है कि शव को रुद्रपुर पुलिस लाइन में रखकर मृतक कांस्टेबल को गारद की सलामी दी गई। मृतक कांस्टेबल मूल रूप से अल्मोड़ा का रहने वाला था।

नाराजगी / कांग्रेस कार्यकर्ता मिले सीएमएस से

स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं सुधरी तो होगा आंदोलन

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

हल्द्वानी। सोबन सिंह जीना बेस चिकित्सालय में चिकित्सकों की कमी को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सीएमएस को ज्ञापन सौंपा है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि जल्द व्यवस्थाएं नहीं सुधरी तो आंदोलन किया जाएगा।

महानगर अध्यक्ष राहुल छिम्वाल के नेतृत्व में बेस पहुंचे कार्यकर्ताओं ने कहा कि कुमाऊं का सबसे बड़ा सरकारी चिकित्सालय होने के बावजूद यहां चिकित्सकों व अन्य स्टॉफ कमी हमेशा रहती है। जिसका खामियाजा इलाज को आने वाले गरीब मरीजों को भुगतना पड़ता है। महानगर अध्यक्ष छिम्वाल ने कहा कि अस्तपाल से कई चिकित्सकों का ट्रांसफर तो कर दिया गया, लेकिन उनके रिक्त पद नहीं भरे गए। जिसके चलते मजबूरी में लोगों को निजी अस्पतालों का रूख करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द बेस में चिकित्सकों की तैनाती नहीं हुई तो सड़कों पर उतरने को बाध्य होना पड़ेगा। इस दौरान पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष हेमंत बगड़वाल, एनबी गुणवंत, मोहन सनवाल, नरेश अग्रवाल, जगमोहन चिलवाल आदि मौजूद थे।

श्रमिकों ने जताया शोषण पर रोष

रुद्रपुर। अपनी मांगों को लेकर आंदोलित मजदूरों ने जुलूस निकालकर गुस्से का इजहार किया है। विगत दिवस इंटरार्क मजदूर संगठन के बैनर तले दर्जनों श्रमिक अंबेडकर पार्क से शुरू होकर भगत सिंह चौक, पांच मंदिर होते हुए वापस अंबेडकर पार्क पहुंचे। वक्ताओं ने कहा कि देश में किसानों व मजदूरों का शोषण जारी है। मध्य प्रदेश में किसानों पर फायरिंग की गई, जिससे साफ पता चलता है कि पीड़ित लोगों का दमन किया जा रहा है। जुलूस में दलजीत सिंह, दिनेश तिवारी, हेमचंद, राकेश, सौरभ, भरत जोशी, कैलाश भट्ट, निरंजन, विरेंद्र पटेल समेत विभिन्न कंपनियों के अनेक कर्मचारी मौजूद थे।

नशीले पदार्थों का सेवन न करने की शपथ

रुद्रपुर। नशीली दवा के दुरपयोग तथा अवैध व्यापार के खिलाफ अन्तर्राष्ट्रीय दिवस एवं ईद उल फितर के शुभ अवसर पर रुद्रपुर स्थित नव चेतना संस्थान नशा मुक्ति परामर्श एवं पुनर्वास केंद्र में भर्ती सदस्यों ने नशीले पदार्थों का सेवन न करने की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम में संस्था के कार्यकर्ता व भर्ती सदस्य सम्मलित हुए तथा उचित मार्गदर्शन किया। इस दौरान संस्था के प्रबंधक ने बताया गया कि नशा हमारे देश की बढ़ती हुई समस्या ही नहीं बल्कि एक बीमारी है, जिसकी रोकथाम सम्भव है। इसका इलाज केवल आध्यात्मिक एवं अन्य चिकित्सा प्रक्रियाओं को अपनाकर ही सम्भव है। इसलिए नशा करने वालों के परिवार के सदस्यों में सहानुभूति, समझदारी व सहयोग की भावना का होना अति आवश्यक है। उन्होंने अपील की कि नशे से ग्रसित व्यक्ति को घृणा का पात्र न समझते हुए अपितु सहानुभूति का पात्र समझते हुए उचित चिकित्सा प्रदान करने हेतु योगदान करें।

अवैध तरीके से मोबाइल टॉवर लगाने की शिकायत

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

हल्द्वानी। सैनिक कालोनी मल्ली बमौरी में मकान की छत पर अवैध तरीके से मोबाइल टावर लगाने की शिकायत प्रशासन से की गई है। इस मामले में सिटी मजिस्ट्रेट को शिकायती पत्र सौंप टॉवर निर्माण पर रोक लगाने की मांग की गई है।

सैनिक कालोनी मल्ली बमौरी निवासी मनोज कुमार लोहनी की ओर से मंगलवार को सिटी मजिस्ट्रेट पंकज उपाध्याय को सौंपे शिकायती पत्र में कहा गया है कि उनके पड़ोस वाले मकान की छत पर अवैध तरीके से निजी कंपनी का मोबाइल टावर लगाया जा रहा है। पूर्व में इसकी शिकायत प्रशासन से की गई थी तब निर्माण रोक दिया गया लेकिन पुनः टॉवर निर्माण किया जा रहा है। इस बीच आरटीआई कार्यकर्ता ललित मोहन सिंह नेगी ने बताया कि विनयमित क्षेत्र के अवर अभियंता ने मौके पर जाकर निर्माण रुकवाया था लेकिन नियमों को ताक पर रख फिर से टॉवर लग रहा है।

उनका कहना था कि आबादी क्षेत्र में टॉवर लगने से जन स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इस पर सिटी मजिस्ट्रेट उपाध्याय ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इधर सिटी मजिस्ट्रेट उपाध्याय ने दोपहर बाद मौके का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि टावर का निर्माण अभी शुरू नहीं किया गया वहां केवल उपकरण रखे गये हैं।

मकान स्वामी को मोहलत देते हुए टॉवर के उपकरण हटाने का अल्टीमेटम दिया गया है। यदि इसके बाद भी वह टावर लगाने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

नियम
- सिटी मजिस्ट्रेट ने किया निरीक्षण मकान स्वामी को दी हिदायत

श्रद्धालुओं ने श्री हनुमान जी को चोला चढ़ाया

रुद्रपुर। श्री पंचमुखी हनुमान बालाजी मंदिर गल्ला मंडी में समाज सेवी सुधीर अरोरा के सहयोग एवं समस्त बाबा भक्तों ने श्री हनुमान महाराज, श्री भैरव महाराज व श्री प्रेतराज को चोला चढ़ाया गया। इस पावन अवसर पर मंदिर समिति के अध्यक्ष गुलशन नारंग महामंत्री चंद्रप्रकाश सचदेवा, सुधीर अरोरा, तरुण दत्ता पंडित सुरेंद्र पाल शर्मा, देशराज तागरा, शंकर, सुरेश शर्मा, नरेश नारंग, अक्ष नारंग, सर्वेश मौर्य, सचिन अग्रवाल, अशोक गर्ग, संजय गर्ग, हरिकिशन अग्रवाल, राकेश यादव नवरत्न वाधवा गगन वाधवा सहित अनेक बाबा भक्तों ने श्री बालाजी महाराज के दर्शन किये।

नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज

रुद्रपुर। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। सुशील दीक्षित ने तहरीर सौंपी है कि तीन अक्टूबर 2015 में उसका पुत्र अंकित किच्छा बाईपास मार्ग पर रामलीला मैदान में क्रिकेट खेल रहा था। इसी दौरान वहां पर दो-तीन युवकों के साथ उसका विवाद हो गया। बताया कि झगड़े के दौरान युवक उसे मोटर साइकिल पर बैठाकर सिंह कॉलोनी क्षेत्र से गुजरने वाली रेलवे लाइन की ओर ले गए हैं। बताया कि बाद में मोबाइल से मिली सूचना के बाद जब वह मौके पर गया तो वहां पटरी के किनारे अंकित का शव पड़ा हुआ था, जिसके शरीर पर चोट के निशान थे। सुशील के मुताबिक उसने पुलिस को तहरीर सौंपी तो उस समय पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। उसे कोर्ट की शरण में नामजद लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराने के लिए जाना पड़ा। बताया कि आरोपियों ने 31 मई 2016 की शाम को सिब्बल चौराहे के पास उसे रोककर मामला वापस लिए जाने की धमकी दी। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने शिमला पिस्तौर निवासी हरविंदर सिंह गुरविंदर कौर, मीना व सुप्रीत कौर के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

टायर की दुकान में आग लगने से हड़कंप

हल्द्वानी। टायर की दुकान में आग लगने से हड़कंप मच गया। आनन-फानन में दुकान स्वामी ने इसकी सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड को दी। सूचना पाकर मौके पर दो दमकल के वाहन वहां पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया। तीनपानी के समीप गुरदीप गुलाटी की नये पुराने टायर बेचने की दुकान है अचानक दुकान में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। यह देख स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग बढ़ गई। इसकी सूचना दुकान स्वामी ने दमकल कर्मियों को दी। सूचना पाकर दो वाहन आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंच गये साथ ही पुलिस भी पहुंच गई और उन्होंने आग बुझाने के प्रयास किये। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

दुकान स्वामी ने बताया कि आग से दस लाख रुपये की क्षति हुई है जिसमें नये व पुराने टायर जलकर राख हो गये हैं। आग से आसपास के दुकानदारों में भी हड़कंप मच गया। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है।

अग्निकांड
- 10 लाख के नुकसान का अनुमान

पेयजल वितरण करने वाले लाइनमैन को हटाओ

जवाहर ज्योति मल्ला प्लाट दमुवाढूंगा के लोग ईई से मिले

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

हल्द्वानी। जवाहर ज्योति मल्ला प्लाट दमुवाढूंगा में पिछले दो माह से पेयजल संकट बना हुआ है। लोग जैसे-तैसे पानी की व्यवस्था कर रहे हैं। इस मामले के निस्तारण की मांग को लेकर लोग जल संस्थान पहुंचे और अधिशासी अभियंता से मिले।

मल्ला प्लाट दमुवाढूंगा के स्थानीय निवासी मंगलवार को जल संस्थान पहुंचे और अधिशासी अभियंता संतोष उपाध्याय से मिले। उनका कहना था कि पिछले दो माह से उन्हें पेयजलापूर्ति नहीं हो पा रही है। उन्होंने संस्थान के पेयजल वितरण करने वाले लाइनमैन पर मनमानी का आरोप लगाते हुए कहा कि जब उससे नियमित आपूर्ति को कहा जाता है तो वह अभद्रता पर आमादा होता है।

भीषण गर्मी में पेयजलापूर्ति न होने से लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि लाइनमैन स्थानीय है और वह भेदभाव करता है। उनका कहना था कि लाइनमैन की शिकायत अवर अभियंता से भी की गई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने चेताया कि यदि लाइनमैन को नहीं हटाया गया तो वे उग्र आंदोलन को विवश होंगे। इस पर अधिशासी अभियंता उपाध्याय ने कार्रवाई का भरोसा दिलाया। ईई से मिलने वालों में दिनेश चंद्र, रणजीत राम, विजय कुमार, रमेश चंद्र, जगदीश चंद्र, दीवान राम आदि शामिल थे।

गुस्सा
- दो महीने से पानी न मिलने का मुद्दा उठाया

जाम की गिरफ्त में सरोवर नगरी

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

नैनीताल। मंगलवार को भी पर्यटक वाहनों से सरोवर नगरी की सड़कों में फिर सुबह से लम्बा जाम लग गया। माल रोड सहित अन्य मार्गों में भी वाहन रैंगते रहे। ईद के बाद नैनीताल में फिर वाहनों की भरमार लग गई। जिले से लगे जनपदों से दो पहिया वाहनों से आने वाले लोगों का मंगलवार को हुजूम उमड़ पड़ा।

सभी वाहनों के लिए यहां डीएसए मैदान को पूरी तरह पार्किंग में तब्दील कर दिया गया है। मोटर साइकिलों के कारण आधा डीएसए मैदान पट गया। इसके बावजूद पर्यटकों के वाहन सड़कों में जाम लगने का कारण बन रहे है। नैनीताल के लोअर व अपर माल रोड में वाहनों की लम्बी कतारें लगी रही। पैदल चलने वालों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। यही नहीं रिक्शा में सफर करने वाले लोग भी जाम में फंसे रहे। मंगलवार को पुलिस का ट्रैफिक प्लान पूरी तरह फेल रहा। पुलिस कर्मियों के जाम खुलवाने में पसीने छूट गये।

नैनीताल में लगातार लग रहा जाम अब मुसीबत बनने लगा है। यहां सर्वाधिक मुसीबत हल्द्वानी, भवाली व कालाढूंगी मार्ग के सूखाताल में बनी हुई है। यहां घंटों जाम की स्थिति बनी हुई है। पर्यटक वाहनों की भीड़ से जहां एक ओर जाम की स्थिति बनी हुई है वहीं पैदल चलने वालों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

यातायात व्यवस्था को पटरी में लाने के लिए पुलिस ने पूरी ताकत झोंकी है लेकिन इसके बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है।

मंगलवार को मोटरसाईकिल व कारों से पटा डीएसए मैदान।

पर्यटक सीजन
- माल रोड सहित शहर के अंतरिम मार्गों में भी दिन भर रेंगते रहे वाहन

नगर निगम के भवन कर में छूट के बचे हैं तीन दिन

हल्द्वानी। नगर निगम में भवन कर की छूट खत्म होने का समय नजदीक आते ही मकान स्वामियों का जमावड़ा लगने लगा है। दो दिन के अवकाश के बाद मंगलवार को खुले निगम कार्यालय में कर जमा करने वालों का तांता लगा रहा। नगर निगम प्रशासन ने भवन कर जमा करने वालों के लिए छूट का प्रावधान 30 जून तक ही किया है। इसके बाद कर जमा करने वालों से 12 प्रतिशत पेनाल्टी वसूली जाएगी, इसके अलावा वित्तीय वर्ष में मिलने वाली छूट का लाभ भी नहीं मिल पाएगा। ऐसे में मंगलवार को निगम कार्यालय में कर जमा करने वालों की खासी भीड़ लगी रही। टैक्स अनुभाग में दिन भर मकान स्वामियों का तांता लगा रहा। निगम की ओर से टैक्स अनुभाग में अतिरिक्त कर्मचारी तैनात किये गये हैं।

लापरवाही / नैनीताल को साफ करने का अभियान थमा

बजट की कमी से गाद निकालने का कार्य धीमा

संवाददाता
@ dainikuttaranchaldeep.com

नैनीताल। इन दिनों खतरे में पड़ी नैनी झील से लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड ने नैनी झील में उभरे डेल्टाओं की सफाई का कार्य जारी रखा है। मानसून सिर पर है। लेकिन गाद निकालने का कार्य धीमा चल रहा है।

लोनिवि को अभी तक शासन से मांगा गया 45 लाख का बजट नही मिल पाया है। वहीं ठेकेदार को सौ से अधिक मजदूर नही मिल पा रहे है। नैनी झील से अब तक साढ़े चार हजार क्यूबिक मीटर गाद निकाली जा चुकी है। लोनिवि ने झील के पांच स्थानों में आठ हजार क्यूबिक मीटर गाद निकालने का लक्ष्य रखा है। लोनिवि के अधिकारिक सूत्रों के अनुसार शासन से अभी तक बजट नही मिला है। वहीं मजदूर उपलब्ध नही होने से गाद निकालने का कार्य भी धीमा पड़ा है। ठेकेदार रोजाना मजदूरों को हल्द्वानी से ला रहा है।

तल्लीताल में में नैनी झील से गाद निकालते मजदूर।

इसलिए नहीं लगाई गाद निकालने को झील में जेसीबी मशीनें

नैनीताल। बीते वर्ष नैनी झील से गाद निकालने के लिए झील जेसीबी मशीनों का प्रयोग किया गया था। जिस कारण कई स्थानों में झील की सुरक्षा दीवार ध्वस्त हो गई थी। यही नही झील से जल रिसाव की भी संभावना बन गई थी। लोगों के विरोध व हाई कोर्ट के निर्देशों के बाद प्रशासन ने जेसीबी मशीनें झील में उतारने से मना कर दिया। लेकिन इस बार सुरक्षा की दृष्टि से श्रमिकों द्वारा गाद निकाली जा रही है।

शासन से अभी तक बजट नहीं मिला है वहीं मजदूर उपलब्ध नहीं होने से गाद निकालने का कार्य भी धीमा पड़ा है। ठेकेदार रोजाना मजदूरों को हल्द्वानी से ला रहा है। स्थानीय स्तर पर मजदूर उपलब्ध भी नही है। अब तक लगभग साढ़े चार हजार क्यूबिक मीटर ही गाद निकल पाई है। मानसून नजदीक है। वर्षा शुरू होने के बाद जलस्तर बढ़ने से गाद निकालने का कार्य नहीं हो पायेगा। विभाग की कोशिश है कि अधिक से अधिक गाद मानसून आने से पूर्व निकाल ली जाय।

चन्दन सिंह नेगी, ईई लोनिवि प्रांतीय खंड नैनीताल।

न्यूज Flash

सलीम ने मेयर सोनी का आभार जताया

रुद्रपुर। भाजपा प्रदेश मंत्री सलीम खान ने कहा कि मेयर सोनी कोली ने 8 करोड़ का टेंडर पास कर वार्डों में सड़क का निर्माण कार्य शुरू करवाया। उन्होंने बताया कि मेयर ने हमेशा शहर का विकास किया है। और उन्हें सब वर्गों का सम्मान करती है। तीन साल में उन्होंने विकास की विकास की झड़ी लगा दी है। आठ करोड़ रुपये पास होने में क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है और वार्ड में तेजी से विकास कार्य किया जा रहा है। सलीम ने बताया कि मेयर सोनी कोली के नेतृत्व में तली झाड़ सफाई अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अग्रसेन चौक पर टूटी हुई पुलिया का निर्माण कार्य नगर निगम द्वारा कराया गया। डीडी चौक से लेकर गाबा चौक तक बड़े नाले का निर्माण कार्य शीघ्र चालू किया जा रहा है। कि जलभराव की स्थिति न हो सके। जनता को दिक्कतों का सामना न करना पड़े।

मातृ मंडल सेवा भारती प्रशिक्षण वर्ग का समापन आज

रुद्रपुर। मातृ मंडल सेवा भारती उत्तराखंड का प्रशिक्षण वर्ग 18 जून से चल रहा है, उसका समापन कार्यक्रम आज सायंकाल 6 बजे से सरस्वती शिशु मंदिर में सम्पन्न होगा। बहिनें अपना कौशल, शारीरिक प्रशिक्षण का प्रदर्शन भी करेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य नगर अधिकारी नगर निगम रुद्रपुर दीप्ति वैश्य करेंगी तथा मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. शिवेंद्र कश्यप, प्रोफेसर पंतनगर विश्वविद्यालय रहेंगे। मुख्य अतिथि जगदीश चंद्र कांडपाल, अपर जिला अधिकारी तथा वर्गाधिकारी हीरावती चुफाल रहेंगी। वर्ग की सर्व व्यवस्था प्रमुख प्रेम शंकर ने समस्त स्वयंसेवी संस्थाओं, स्वयंसेवक परिवारों एवं संघ समर्थक महानुभावों से अनुरोध किया कि अधिक से अधिक संख्या में पधार कर बालिकाओं का उत्साह वर्धन करें।

पर्यावरण संरक्षण के लिए जैदी सम्मानित

किच्छा। ग्रीन इनवायरमेन्ट सोसाइटी के अध्यक्ष नाजिम जैदी को पर्यावरण संरक्षण के लिए भारतीय दलित साहित्य अकादमी उत्तराखंड ने प्रमाणपत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। एनजीओ के अध्यक्ष नाजिम जैदी ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान भारतीय दलित साहित्य आकदमी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोहन पाल सुमनाक्षर ने संस्था की सराहना की। उनको सम्मानित किये जाने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लवी सहगल, ओम प्रकाश दुआ, नीरज बजाज, रोहित कुमार, कुलदीप बग्गा, मूलचंद राठौर, श्याम खुराना, मन्नू पाल, ओमकार नागी, हर्ष गंगवार, सौरभ गंगवार सहित तमाम गणमान्य लोगों ने उन्हें बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।